26 घटों के परिवहन अवधि के बाद लक्ष्य स्थान पहुँचने पर डिम्भकों को समुद्रजल में छोड दिया गया। समय ग-ये अतिजीवितता संबंध के मूल्यांकन करने के लिए 50,000 डिम्भकों को उसी पात्र में 48 घंटों तक रख दिया गया। परिवहन के तुरंत बाद डिम्भकों में हुई सक्रियता के निरीक्षण करके और बसाव की प्रतिशतता की गणना की गयी। बसे हुए स्पाटों का स्फुटनशाला में पालन किया गया था। परिवहन काल के बाद पर्यनुकूलन के लिए डिम्भकों को एक लीटर निस्यंदित समुद्रजल में डालकर 30 मिनट के लिए उनकी सक्रियता का अनुवीक्षण किया गया। इस अवधि में दस मिनट के अंतराल में सक्रिय और निष्क्रिय डिम्भकों की प्रतिशतता का अनुवीक्षण किया गया। डिम्भकों की सक्रियता स्थायी होने के बाद उनको निस्यंदित समुद्रजल से आधाभरा एक टन धारिता के समकोणीय एफ आर पी टैंक में मुक्त किया गया। डिम्भकों के बसाव केलिए सीपी डिम्भक और मुक्ता शुक्ति डिम्भक पालन के लिए निस्यंदित समुद्रजल के उपयोग करके की जानेवाली मानक पालन रीति का अनुवर्तन किया गया। सीपी डिम्भकों के पालन टैंकों में वातन के लिए प्रबंध किया गया जबकि मुक्ता शुक्ति डिम्भकों के टैंकों को वातन दिये बिना काले कपडे से ओढ दिया गया था।

दोनों जातियाँ बिना आद्रता के ठंडे पैकिंग में 26 घंटों के संक्रमण काल सहने में सक्षम थी। *पाफिया मालबारिका*



चित्र -2 दूर क्षेत्रों में वितरण के लिए ले जानेवाले डिम्भकों को पैक करने की रीति का वर्णन चित्र

और *पिंक्टाडा फ्यूकेटा* के 3 मि मी तक के आयाम के स्पाटों के बसने की प्रतिशतता क्रमशः 2.3 और 5.7 थी। आद्र पैकिंग और शुष्क पैकिंग में तापमान निम्न नहीं करने पर जीवों की संपूर्ण मृत्युता देखी गयी थी। इसका विवरण नीचे सारणी-1 में दिया जाता है।

परिणामों ने यह सूचित किया कि यदि परिवहन काल 48 घंटों से कम और तापमान 28^0C के नीचे है तो *पी. मालबारिका* और *पी. फ्यूकाटा* के पेडिवेलिगर डिम्भकों का रिमोट सेट किया जा सकता है। यह वाणिज्यिक दृष्टि से पालन/प्रभव वृद्धि कार्यक्रमों के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में द्विकपाटी डिम्भकों के बसाव के लिए प्रत्याशा व्यक्त करती है।

दूरस्थ क्षेत्रों में बसाव के लिए छोडने के बाद *पाफिया मलबारिका* और *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* की बढती और अतिजीवितता

स्फुटनशाला में 52 दिनों के लिए *पाफिया मलबारिका* और *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के रिमोट स्पाटों की बढती और अतिजीवितता का अनुवीक्षण किया गया। 25 दिनों के बाद सीपियों ने औसतन 3.57$\pm$1.25 मि मी की और मुक्ता शुक्तियों ने 3.76$\pm$0.76 मि मी की लंबाई प्राप्त

सारणी 1. सीपी *पाफिया मलबारिका* और मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के पेडिवेलिगर डिम्भकों पर किए दूरस्थ क्षेत्रों में बसाव परीक्षणों का ब्योरा

क्र. सं	विवरण	*पाफिया मलबारिका*	*पिंक्टाडा फ्यूकाटा*
1	परिवहित डिम्भकों की संख्या	2,00,000	5,000
2	बस गए स्पाटों की संख्या	4786	986
3	आद्र ठंडी (24-28^{0}C.) स्थिति में परिवाहित किए (रिमोट सेटिंग) डिम्भकों के बसने की प्रतिशतता	2.3	5.7
4	जल के साथ जीव (28 से 31^{0}C. तापमान)	100% मृत्युता	4.1% बस गए
5	परिवहन काल	26 घंटे	26 घंटे
6	जल के बिना एवं परिवेशी तापमान (28 से 34^{0}C) में जीव	100% मृत्युता	100% मृत्युता
7	आद्र ठंडी रीति (24-29^{0}C) में 48 घंटों के परिवहन काल में अतिजीवितता	100% मृत्युता	

की थी। उनको 60 स्पाटों की संभरण सघनता में रोपण योग्य आकार प्राप्त करने तक पालन किया गया (चित्र.1)। परीक्षण के समय स्पाटों को 31±3 पी पी टी लवणता, 27±4^{0}C तापमान में रख दिया गया, रोज़ 50% जल का परिवर्तन किया गया और 12-18 घंटों तक वातन के लिए प्रबंध किया गया। एल्गे *कीटोसेरोस* आइसोक्राइसिस +नानोक्लोरोप्सिस का मिश्रित खाद्य 1:2:1 के अनुपात में दो चरणों में दिया गया था।

एक डिजिटेल वेर्नियर कालिपर और एक डिजिटल बैलन्स के प्रयोग करके स्पाट की लंबाई, चौडाई और मोटाई के मापन लिए गए थे। व्यष्टिगत मापन उपयोग करके औसत और मानक विचलन की गणना की गयी थी। इसके अनुसार तात्क्षणिक बढती दर (IGR) की गणना की गयी जिसका काल प्रतिबंध नहीं होता है। तात्क्षणिक बढती दर की गणना इस सूत्र से कंप्यूट की गयी थी।

$$IGR = \frac{Ln_t - Ln_i}{t}$$

जहाँ, Ln_t समय t पर लंबाई का प्राकृतिक लॉग है और Ln_i प्रारंभिक लंबाई का प्राकृतिक लॉग है। सीपी स्पाट की औसत लंबाई और भार का मापन सारणी -2 में दिया गया है और 52 दिनों की पालन अवधि के दौरान देखी गयी तात्क्षणिक बढती दर सारणी-3 में दी गयी है। रिमोट सेट किए गए *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के औसत जीवसांख्यिकीय मापन और तात्क्षणिक बढती दर क्रमशः सारणी-4 और 5 में दिया जाता है।

सारणी-2 बसाव के एक महीने से लेकर रिमोट सेट सीपी *पाफिया मलबारिका* का औसत जीवसांख्यिकीय मापन

	लंबाई (मि मी)	चौडाई (मि मी)	कुल भार (ग्रा.)
पालन के दिन	औसत ±	औसत ±	औसत ±
	मानक विचलन	मानक विचलन	मानक विचलन
30*	3.57±1.25	2.76±0.74	
45	5.38±1.41	4.05±0.98	
80	8.86±2.19	6.07±1.38	0.11±0.097
122	10.56±1.33	6.80±0.78	0.14±0.073
172	11.87±2.54	8.22±0.98	0.25±0.12

1* (बसाव के 30 दिनों के बाद)

बसाव के दिनों 30 दिनों बाद सीपी स्पाट की औसत लंबाई 3.57±1.25 मि मी और चौडाई 2.76±1.250.74 मि मी थीं। 35 दिनों में ये स्पाट 8.86±2.19 मि मी तक बढ गए। इस अवधि में प्रति दिन की औसत तात्क्षणिक बढती दर 0.025 मि मी में उच्च थी जो बाद में प्रति दिन 0.01 मि मी पर कम हो गयी।

सारणी-3 विभिन्न लंबाई पर सीपी *पाफिया मलबारिका* की औसत तात्क्षणिक बढती दर

औसत लंबाई	आइ जी आर - एल (मि मी/दिन)	आइ जी आर-डब्लियु (मि मी / दिन)	आइ जी आर-भार (ग्रा/दिन)
3.57	0.025	0.027	
5.38	0.020	0.024	
8.86	0.016	0.025	0.041
10.56	0.015	0.009	0.046

सारणी - 4 दूर क्षेत्र में बस गए मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* के औसत जीवसांख्यिकीय मापन

	लंबाई (मि मी)	चौडाई (मि मी)	मोटाई (मि मी)	कुल भार (ग्रा)
पालन के दिन	औसत±मानक विचलन	औसत±मानक विचलन	औसत±मानक विचलन	औसत±मानक विचलन
30	3.56±0.76	4.48±0.90		
45	5.48±1.58	6.98±2.08		
80	8.28±2.08	9.76±2.22		0.060±0.038
125	9.48±1.27	10.91±1.41	2.44±0.27	0.015
134	14.85±3.05	18.13±3.32	4.2900±0.76	0.526±0.287

सारणी - 5 स्फुटनशाला में नर्सरी पालन के चरण में विभिन्न माध्य लंबाईयों पर दूर क्षेत्र में वितरित मुक्ता शुक्ति *पिंक्टाडा फ्यूकाटा* की लंबाई, चौडाई और कुल भार की तात्क्षणिक बढती दर

औसत लंबाई	आइ जी आर-लंबाई (मि मी/दिन)	आइ जी आर-चौडाई (मि मी/दिन)	आइ जी आर-मोटाई (मि मी/दिन)	आइ जी आर भार (ग्रा/दिन)
3.56	0.029	0.030		
5.48	0.021	0.017		
8.28	0.014	0.011		-0.138
9.48	0.005	0.006	0.006	0.040

बसाव के एक महीने बाद सूदूर क्षेत्र में वितरित मुक्ता शुक्ति और सीपी स्पाटों की लंबाई प्रायः समान थी। बसाव के बाद एक महीने में मुक्ता शुक्ति स्पाट 3.56 मि मी तक और 80 दिनों में 8.28 मि मी बढ गया था।

टिप्पणी

स्फुटनशाला में 80 दिनों के पालन के बाद देखी गयी उच्च प्रारंभिक बढती दर, निम्न तात्क्षणिक बढती दर और माध्य लंबाई यह सूचना देती है कि स्पाट को स्फुटनशाला में 1½ या दो महीने के बाद आगे बढने के लिए फार्म में स्थानांतरण करना चाहिए। परीक्षण का परिणाम यह प्रत्याशा देती है कि सूदूर वितरण का विकास कृषकों के लिए बीज का प्रबंध करने के लिए और प्रभव बढती एवं संरक्षण कार्यक्रमों के लिए एक अंतर्वती प्रौद्योगिकी है। नर्सरी चरण के लिए आधिकारिक सूत्र विकसित करना है और अतिजीविता की प्रतिशतता बढाने के लिए भी जाँच करना है।

सी एम एफ आर आइ के कालिकट अनुसंधान केंद्र, कालिकट के कृपा. वी., श्रीजया. आर., षिजु ए.ए., पी. राधाकृष्णन, पी. स्वर्णलता, ए. अनसु कोया, मोहम्मद के.एस. और पी. मुत्तय्या द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1200 सीपी *पाफिया मलबारिका* के दूर वितरित बीजों की अतिजीविता : लवणता में संतत और अल्पावधि के लिए निमज्जन का प्रभाव

ज्वारनदमुखों और तटीय क्षेत्रों से वेनेरिडे कुल में आनेवाली सीपियों का वाणिज्यिक तौर पर संग्रहण किया जाता है। पीत पाद सीपी या टेक्सटाइल सीपी नाम से जाननेवाली *पाफिया मलबारिका* अपनी उपस्थिति के क्षेत्रों में एक वाणिज्यिक मात्स्यिकी के रूप में प्रमुख संपदा है। ये साधारणतया ज्वारदमुखों के समुद्री क्षेत्रों में रहते हैं जहाँ का अधःस्तर मृण्मय मिट्टी का होता है। यह अर्ध-कठोर अधःस्तर चट्टानी अधःस्तरों की अपेक्षा बिल बनाने का काम आसान बना देता है। साधारणतया ये सीपियाँ शक्त पादों से बिल बनाते है और दो साइफन ऊपरीतल में होंगे।

इस विशेष प्रकृति के कारण ये उच्च सघनता में दिखाये जाते हैं। इनके और एक अनुकूली विशेषता इनकी चलने की रीति है। मंद होने पर भी अपने पादों को दबाकर और कवच को घुमाकर ये चलते हैं।

सीपियों को उष्णकटिबंधी ज्वारनदमुख के अपने प्राकृतिक आवास स्थानों में विशेषतः तीव्र बारिश के समय लवणता के विभिन्न विभेदों में छोटी अवधियों के लिए छोड दिए देते है। कभी कभी ज्वारनदमुख का पानी 10 से 15 दिनों तक ताज़ी स्थिति में रहने के बाद लंबी अवधी के लिए उच्च लवणावस्था में बदल जाता है। बीज सीपियों द्वारा लवणता में होने वाले इस प्रकार के उच्च उतार-चढावों को सहना एक प्रमुख पहलू है।

सीपी समुद्री संवर्धन बहुत ही लोकप्रिय जलकृषि क्रियाविधि है। कृषि के लिए उपयुक्त अधिकांश बीज प्राकृतिक संस्तरों से आता है। लेकिन कई देशों में कृषि के लिए स्फुटनशाला में उत्पादित बीजों का उपयोग किया जाता है। कई कृषकों द्वारा बीजों के दूर क्षेत्रों में वितरण के लिए अनुकूल प्रौद्योगिकी भी स्वीकार की गयी है। रिमोट सेट्टिंग या सुदूर वितरण स्फुटशालाओं में उत्पादित पेडिवेलिगर डिम्भकों को स्फुटनशाला से दूर और फार्म क्षेत्र के निकट मुक्त करने की प्रौद्योगिकी है। डिम्भकों का परिवहन विशेष प्रकार से किया जाता है। डिम्भकों को छान करके आद्र कपडे में पैक किया जाता है। शीत अवस्था बनाए रखने में सक्षम पात्रों में रखा जाता है। फार्म में पहुंचने पर डिम्भकों को टंकियों में मुक्त किया जाता है और आहार के रूप में मिश्रित शैवाल देता है। छोटी नर्सरी अवधि के बाद बीज सीपियों को ट्रे में पालन या तल में रोपित किया जाता है।

वर्तमान परीक्षण में सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन स्फुटनशाला में उत्पादित *पी. मालबारिका* के पेडिवेलिगर डिम्भकों को 26 घंटों की परिवहन अवधि के बाद कालिकट समुद्री स्फुटनशाला में रिमोट सेट किया गया था। उनको स्फुटनशाला में पालन किया गया था और इन सीपियों को खेत में स्थानांतरित करने के पहले दो परीक्षण चलाए गए थे i) 0 से 35 पीपीटी तक की विभिन्न लवणता स्थितियों में छोटी अवधि में लगातार निमज्जन का प्रभाव और ii) लवणता में होने वाली परिवर्तनों पर उनकी सहिष्णुता जानने के लिए 10,15,20 और 25 पी पी टी में छोडने से होनेवाला प्रभाव और 35 पी पी टी में अनुवर्ती स्थिति पर परीक्षण।

हैचरी के 6.5 से 10 मि मी तक के पृष्ठाधर मापन और 0.78 मि ग्रा कुल भार के बीज सीपियों को 0,5,10,15,20,25,30,35 पी पी टी लवणताओं में रहने दिया था। प्रत्येक लवणता में सीपियों के स्वभाव और नश्वरता का अध्ययन किया गया। यह परीक्षण 28 दिनों की अवधि के लिए चलाया गया था। भंडारण सघनता प्रति L^{-1} -10 सीपियाँ थी। सभी सीपियों को 22 और

28^0C के बीच समान विविधता में रहने दिया था। छोटी सीपियों को दिन में $5.0x10^5$ कोश की दर पर दो किश्तों में आइसोक्राइस से खिलाया था। एकांतर दिनों में जल का विनिमय किया गया था। सभी उपचारों का पुनरावर्तन परीक्षण क्रिया विधि के अनुसार बनाए रखे थे।

0,5 और 10 पी पी टी में रखी गई सभी बीज सीपियों की आठ दिनों में 100% मृत्यु हो गई थी। 15 पी पी टी में 10 दिनों में 100% मृत्युता देखी गयी। 20 और 25 पीपीटी लवणता में 10 दिनों में क्रमशः 33 और 16%



चित्र-1 बीज सीपियों को विभिन्न लवणताओं में लगातार 10 दिनों के लिए पालन करने पर मृत्युता रैंच

मृत्युता देखी गयी (चित्र-1)। 30 और 35 पीपीटी की लवणता में एक महीने तक मृत्युता नहीं हुई थी। परीक्षण की अवधि में 0,5,10 और 15 पीपीटी में सीपियाँ जीवित रहने पर भी, निष्क्रिय थीं, साइफन नहीं दिखाये पडते थे और आहार भी नहीं लेते थे। शेष सभी लवणताओं (20-35 पी पी टी) में सीपियाँ सक्रिय थी और अच्छा निस्यंदन भी दिखायी थी। 9-10 मि मी की बडी सीपीयों की तुलना में 6-7 मि मी की छोटी सीपियों में सहिष्णुता कम थी।

निम्न लवणता स्थितियों यानी 10,15,20 और 25 पीपीटी में 3 दिनों तक की छोटी अवधि में निमज्जन का प्रभाव और 35 पी पी टी की परिवेशी लवणता में अनुवर्ती पुनरुज्जीवन

7.49 से 8.43 के पृष्ठाधर मापन और 0.016 से 0.103 ग्रा भार की बीज सीपियों को 3 दिनों के लिए 10,15,20 और 25 पी पी टी में डालकर फिर 35 पी पी टी की परिवेशी लवणता में डाला गया था। संभरण सघनता और आहार देने की रीति प्रथम परीक्षण के समान थी। प्रतिदिन सीपियों की प्रकृति और मृत्युता रिकार्ड की गयी थी।

दो दिनों के अंदर मृत्युता नहीं देखी गयी थी, पर 3 दिनों में 10 पीपीटी लवणता में 2.5% मृत्युता देखी गयी। 4 दिनों में मृत्युता 10% तक बढ गयी और 5 दिनों में 12.5% और इसके बाद मृत्युता नहीं हुई थी। 15 पी पी टी में 4 दिनों में 2.5% मृत्युता होने के बाद मृत्युता नहीं देखी गयी थी। 20 और 25 पीपीटी लवणता में छोडी गयी सीपियों ने मृत्युता नहीं दिखायी थी। (चित्र-2)

प्रथम परीक्षण ने यह स्पष्ट किया कि 6-10 मि मी के *पाफिया मलबारिका* बीजों की कृषि/रैंचन >25 पीपीटी लवणता के क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। निम्न लवण स्थिति जारी रहती तो 10 दिनों के अंदर बीजों को वहाँ से निकालना चाहिए। बीज सीपियों को 48 घंटों तक विभिन्न



चित्र-2 बीज सीपियों को विभिन्न लवणताओं में 3 दिनों के लिए छोड देने से हुई मृत्युता की प्रतिशतता और 32 पीपीटी में स्वस्थता

अतिजीवितता प्रतिशत में रहने की क्षमता हैं। लेकिन 48 घंटों तक में 10 पीपीटी लवणता में डालने से 12.5% और 15 पीपीटी में 2.5% मृत्युता हो जाएगी। 20 और 25 पीपीटी में 48 घंटों तक सीपियाँ सुरक्षित रह सकती है।

अभ्युक्तियाँ

अध्यन यह व्यक्त करता है कि दूर वितरित बीज सीपियों को लवणता में उच्च व्यतियान नहीं होने के समय कृषि के लिए दूसरे स्थान पर रोपित किया जा सकता है। 10 से 20 पीपीटी तक की निम्न लवण स्थिति में भी 3 दिनों में कहने योग्य नष्ट की संभावना नहीं है। लेकिन 3 दिनों से ज्यादा ऐसी स्थिति में बीज सीपियों का निमज्जन सीपियों के लिए हानिकारक होता है।

सी एम एफ आर आइ के कालिकट अनुसंधान केंद्र, कालिकट के कृपा. वी., स्वर्णलता पी., एन.पी. रामचन्द्रन, श्रीजया. आर और ए.ए. षिजु द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट।

1201 आण्विक पहुँच से दो बालीन तिमियों के जाति और लिंग निर्धारण में सफलता

माइटोकोन्ड्रियल डी एन ए (mt DNA) के जातिवृत्तीय पुनर्रचना के आधार पर सी एम एफ आर आइ द्वारा विकसित आण्विक वर्गिकी प्रौद्योगिकी पुलिन में ताज़े स्थिति में और बहुत बुरी तरह सडी अवस्था में धंस गये दो बालीन तिमियों के जाति निर्णय करने में सफल देखा गया। उनके त्वचा ऊतकों से जीनोमिक डी एन ए निकालकर मैटोकोन्डियल डीएनए पीसीआर उत्पादों को चक्रीयरूप में अनुक्रमित किया गया और एक प्रतिष्ठित पोर्टल, **विटनेस फोर व्हेल्स** (www.dna-surveillance. auckland.ac. nz) जिसमें वर्गविज्ञान विशेषज्ञों द्वारा पहचान किये गये तिमी, डॉल्फिन और शिंशुक नमूनों के अनुक्रम और एन सी बी आइ के लिए ब्लास्ट खोज (www.ncbi.nlm.nih.gov/) शामिल है, के प्रयोग करके तिमि गणों की जाति का पहचान किया गया। अवाप्ति संख्या EFO57442, EFO 57443 और EFO57444 के अधीन इन अनुक्रमों को निक्षेपित किया गया।

मंडपम (मान्नार की खाडी) के निकट कुण्डुगल में 2006 जुलाई 17 को धंस गए 20 मी की कुल लंबाई के तिमी

को इसके शारीरिक अभिलक्षणों और बाह्य जनन ग्रंथी के परीक्षण करके नर नील तिमि (*बालीनोप्टीरा मस्कुलस*) पहचान किया गया था। जाति का अभिनिर्धारण की पुष्टि जातिवृत्तीय पुनर्रचना के आधार पर की गयी थी। उसी क्षेत्र में 2006 अगस्त 8 को और एक तिमी भी धंस गया था। यह बहुत सडी हुई अवस्था में थी और इसलीए शारीरिक अभिलक्षणों से इसके जाति या लिंग निर्धारण करना असंभव था। जातिवृत्तीय पुनर्रचना से इसे ब्राइड्स तिमी (*बालिनोप्टीरा एडेनी*) पहचान किया जा सका। सी एम एफ आर आइ द्वारा विकसित पीसीआर आधारित लिंग निर्धारण रीति से *बी. एडेनी* को नर जाति पहचान किया गया। वर्तमान अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण है कि शारीरिक अभिलक्षणों और बाह्य जनन ग्रंथियों से जाति या लिंग का पहचान साध्य नहीं होने के अवसरों में आण्विक पहुँच सही जाति निर्धारण के लिए उपयोगी साबित हुआ। जीवित समुद्री स्तनियों से लिए गए बयोप्सी नमूनों से जाति पहचानने और लिंग अभिनिर्धारित करने में पीसीआर आधारित प्रौद्योगिकियाँ बहुत ही उपयोगी है।

सी एम एफ आर आइ, कोचीन के पी. जयशंकर, बी. अनूप, वी.वी. अफ्सल और एम. राजगोपाल द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1202 मलबार तट से थ्रेशर सुरा *आलोपियास वलपिनस* की प्रथम रिकार्ड, इसकी मात्स्यिकी और जैविकी पर टिप्पणी के साथ

थ्रेशर सुराएं अटलान्टिक, पैसिफिक, मेडिट्टरेनियन और हिंद महासागरों में वितरण के साथ दुनिया भर उपस्थित हैं। इन में साधारण थ्रेशर सुरा (*आलोपियास वलपिनस*), बिगआइ थ्रेशर (*ए. सूपरसीलियोसिस*) और वेलापवर्ती थ्रेशर (*ए. पेलाजिकस*) शामिल है जिनमें सबसे बडा *आलोपियास वलपिनस* है। ये सागरीय क्षेत्रों में बसनेवाली वेलापवर्ती जातियाँ हैं। फिर भी भोजन की तलाश में ये तटवर्ती क्षेत्रों में घूमती हैं। छोटे सुराओं को कभी कभी उथले जलक्षेत्रों में देखे जाते है जबकि बडे नमूने साधारणतया महाद्वीपीय शेल्फ के ऊपर ही रहते हैं। मलबार तट में वर्ष 2005 में लंबी डोरों द्वारा इस सुरा के असाधारण अवतरण देखे गए थे। इसके अनुसार इसकी मात्स्यिकी और जैविकी पर किए गए कुछ निरीक्षणों पर विवरण इस लेख में प्रस्तुत किये जाते हैं।

संभार

थ्रेशर सुरा को मलबार तट में 120-150 मी गहराई में प्रचालित यंत्रीकृत लंबी डोरों (कुल लंबाई : 58[1]) से पकडा गया था। तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में स्थित तूत्तूर से आये प्रवासी मछुआरों द्वारा प्रचालन किया गया था, ये लोग अस्थायी आधार पर अष़ीकल और कण्णूर में ठहरे हुए थे। 100-130 अश्वशक्ति के लगभग 40 यंत्रीकृत लंबी डोर प्रचालन में शामिल थे। प्रत्येक डोरी में 300-600 काँटे थे। सुराओं की उपलब्धि के अनुसार 15-20 दिनों तक नाव समुद्र में ही रही थी। सितंबर में प्रारंभित मत्स्यन प्रचालन सितंबर मध्य तक चलता रहा।

सारणी 1. अष़ीकल में लंबी डोर में अवतरित *आलोपियास वलपिनस* का माहिकवार पकड (ट) और प्रयास (एकक)

महीना	प्रयास	कुल	कुल उपास्थिमीन		सुरा		*आलोपियास वलपिनस*		
	(ए)	पकड	पकड	%	पकड	प/प्र(कि ग्रा)	पकड	%	प/प्र(कि ग्रा)
जनवरी	80	54.632	27.3	49.9	27.3	340.7	0.0	0.0	0.0
फरवरी	75	74.944	65.6	86.3	64.7	862.4	16.3	25.2	217.3
मार्च	52	87.421	62.0	69.7	61.0	1172.4	8.2	13.5	158.6
अप्रैल	105	62.533	51.1	80.6	50.4	480.0	4.9	9.8	46.9
मई	119	92.648	72.6	77.0	71.3	599.2	0.0	0.0	0.0
जून	21	41.776	38.0	90.5	37.8	1800.0	0.0	0.0	0.0
जुलाई	0	0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अगस्त	41	58.331	53.0	89.5	52.2	1272.8	0.0	0.0	0.0
सितंबर	40	51.800	41.4	79.9	41.4	1035.0	0.0	0.0	0.0
अक्तूबर	80	96.723	69.2	71.6	69.2	865.3	0.0	0.0	0.0
नवंबर	45	52.125	32.6	62.4	32.6	723.3	0.0	0.0	0.0
दिसंबर	23	36.696	25.8	70.2	25.8	1120.3	2.1	8.1	90.4
वार्षिक	681	709.629	538.5	75.2	533.5	783.4	31.6	5.9	46.3

मात्स्यिकी

लंबी डोर में *ए.वलपिनस* की उपस्थिति सबसे पहले 2005 फरवरी में देखा गया था। इसके बाद 2005 मार्च-अप्रैल और दिसंबर में भी इसकी पकड देखी गयी थी। अष़ीकल से 2005 जनवरी-दिसंबर के दौरान कुल सुरा अवतरण 534 टन था और इस अवधि में *ए. वलपिनस* की पकड 32 टन (सुरा अवतरण का 6%) थी। फरवरी, मार्च, अप्रैल और दिसंबर में इस जाति का योगदान क्रमशः 25.2, 13.5, 9.8 और 8.1% था (सारणी-1)। लंबी डोरों द्वारा वार्षिक प्रयास 681 एकक था। *ए. वलपिनस* का मासिक प/प्र फरवरी में 217.3 किग्रा से अप्रैल में 46.9 टन होकर विविधता दिखायी और वार्षिक प/प्र 46.3 कि ग्रा थी।

जैविक निरीक्षण

कुल 104 नमूनों की लंबाई का मापन लिया गया था। 280-319 से मी की माध्य लंबाई के साथ नमूने 132-381 से मी के लंबाई रैंच में थे। 2 से 5 मीटरों तक की लंबाई की मछलियाँ मात्स्यिकी में साधारणतया देखी जाती है। जनन समय पर कुल लंबाई 114 से 150 से मी रिपोर्ट की जाती है। वर्तमान निरीक्षण में नर-मादा अनुपात 1:1.18 था। पेट के निरीक्षण करने पर कटल मछलियाँ प्रमुख आहार देखा गया।

लंबाई-भार संबंध का अध्ययन 78 नमूनों पर किया गया जिन में 32 नमूने 242-278 से मी (45-57 कि ग्रा) लंबाई की मादा मछलियाँ थी और शेष 46 नर मछलियों का लंबाई रैंच 258-310 से मी (46-59 कि ग्रा) था।

लिगों की समाश्रयण गुणांक भिन्नताएं 5% स्तर पर विचारणीय नहीं होने की स्थिति में दोनों लिंगों के लिए एक सामान्य सूत्र की गणना की गयी।

Log W = -3.9861+2.6921 Log L (r=0.9980).

मलबार तट से थ्रेशर सुराओं की उपस्थिति पर यह सर्वप्रथम रिकार्ड है और मलबार तट पर यह एक नई शक्य संपदा है। एक अरूढी संपदा होने के कारण इस सुरा के लिए अच्छा मूल्य नहीं मिला, इसलिए प्रति कि ग्रा 30-40 रु. पर बेच दिया गया। लेकिन इसके पखों के लिए विदेशी बाज़ारों में उच्च माँग रहने की स्थिति में भविष्य में इसका मूल्य बढ जाने की संभावना है। अपतटीय जलक्षेत्रों में माध्यजल लंबी डोर मत्स्यन करते समय इस अविदोहित जातियों का उच्च अवतरण की प्रत्याशा की जा सकती है।

सी एम एफआर आइ के कालिकट अनुसंधान केंद्र, कालिकट के पी.पी. मनोजकुमार और पी.पी. पवित्रन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1203 न्यूफेरी वार्फ, मुंबई में शैल महाचिंगट *पान्युलिरस पोलिफागस* की भारी पकड

भारतीय तटों पर सब कहीं वितरित शूली शैल महाचिंगटों का अधिकतर अवतरण देश के कुल अवतरणों में 70% योगदान के साथ गुजरात और महाराष्ट्र के उत्तर पश्चिम तट से आता है। उत्तर पश्चिम तट पर 95% महाचिंगटों को आनायकों से पकडा जाता है जिनका अवतरण गुजरात के वेरावल में और महाराष्ट्र के मुंबई में किया जाता है।

मुंबई में वाणिज्यिक महाचिंगट मात्स्यिकी प्रमुखतः शीवान्डी स्थानीय नाम का शैल महाचिंगट *पान्युलिरस पॉलिफागस* पर आश्रित है। पूरे वर्ष में उपस्थित होने पर भी इसकी मात्स्यिकी सितंबर-दिसंबर के दौरान मौसमिक प्रचुरता दिखाती है।

न्यू फेरी वार्फ में सितंबर '06 के दौरान आनायकों द्वारा शैल महाचिंगटों का अभूतपूर्व उच्च पकड का अवतरण किया गया। 2-9-06 को 93 आनायकों ने प्रति आनायक औसत 95 कि ग्रा पकड के साथ लगभग 8.8 टन शैल महाचिंगटों का अवतरण किया। उत्तर पश्चिम दिशा में 40-50 मी की गहराई के मत्स्यन तल में 8-10 दिनों तक मत्स्यन चालू रहा। फीता मीन (65.1 टन) और सिएनिड्स (55.8 टन) उस दिन की अन्य प्रमुख पकड थी। लेकिन झींगा पकड विचारणीय तौर पर कम थी। महाचिंगटों से मात्र कुल आय 50 लाख रु. था, जो सकल मछली पकड से प्राप्त आय का लगभग 50% था।

दिनांक 2-9-'06 को प्राप्त पकड से 66 नर महाचिंगटों का मापन लिया गया जो 248 मि मी के माध्य आकार के साथ 145 से 385 मि मी के बीच देखे गए थे। 97 मादा

चित्र-1 मुंबई में *पान्यूलिरस पोलिफागस* की आनाय पकड

महाचिंगटों का भी मापन लिया गया जो 264 मि मी के माध्य आकार के साथ 215 से 375 मि मी के बीच देखे गए थे। इसी प्रकार की पकड 16-9-'06 को भी देखी गयी थी।

आकार के अनुसार पकड को अवतरण केंद्र में ही छाँट दिया गया। अवतरण केंद्र में एक कि ग्रा का मूल्य 592 रु. था। निर्मोचित एवं टूटे-फूटे अवयवों के महाचिंगटों को निकाल दिया गया था। तोलने के पहले अंड युक्त मादाओं को अंडों से जल निकालने के लिए निचोड दिया गया था। पकड को क्षति से रोकने के लिए बर्फ डालकर प्लास्टिक क्रेटों में तुरंत ही पैक किया गया।

सी एम एफ आर आइ के मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई के ए.डी. सावंत, जे.आर. डयस, के.बी. वाग्मेयर और सुजीत सुन्दरम द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट।

1204 गाडिलाम ज्वारनदमुख में सीपी *मेरिट्रिक्स कास्टा* का विदोहन

भारत के पूर्वी तट के वाणिज्यिक तालाबों में संवर्धित चिंगटों को खिलाने के लिए पिछले दो दशकों से ज्वारनदमुखों और पश्चजलों से सीपियों का विदोहन किया जाता था। आज बाँगलूर, कन्याकुमारी, चेन्नई और केरल के होटलों में भोजन के रूप में भी सीपी मांस परोसा जाता है।

चित्र 1 थैलियों में मत्स्यन पोताश्रय में लाए सीपियाँ

गाडिलाम ज्वारनदमुख से 2006 मार्च और अप्रैल के

चित्र 2 शुद्ध करने के लिए ट्रे में रखी हुई सीपियाँ

दौरान भारी मात्रा में सीपी *मेरिट्रिक्स कास्टा* का भारी विदोहन देखा गया। कोडिक्कलकुप्पम, सुतुकुलम और देवनाम पट्टिनम के लगभग 80-100 पुरुष और स्त्रियाँ इन दो महीनों में सीपी के हस्तचयन में लगे हुए थे। सुबह से शुरू होनेवाली मात्स्यिकी दिन के समय 11 बजे तक होती रहती है। एक ही दिन में कम से कम दो या तीन टोकरी की पकड के साथ स्त्रियाँ प्रतिदिन 60 से 90/- रु तक कमा सकती थी। तट के निकट के क्षेत्रों में सीपियों का परिवहन मर्दों का काम था। फिश ट्रक द्वारा कडलूर मत्स्यन पोताश्रय में परिवहित सीपियों को प्रति टब (लगभग 50 कि.ग्रा.) 150/- रु की दर पर बेच दिया गया।

संग्रहित सीपियों को टब में पंक्तियों में रख दिया गया (चित्र- 2) और टब के मुँह तक साफ समुद्र जल से भर कर और शोधन के लिए 3 से 4 घंटों तक ऐसे ही रख दिया गया। टब से समुद्रजल निकालकर सीपियों को अच्छी तरह धोकर परिवहन के लिए ट्रक में भर दिया गया।

सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई के आर. तंगवेलु, पी. पूवण्णन, एस. राजपाकियम और एस. मोहन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट।

1205 टूटिकोरिन से ग्रूपर मछलियों का निर्यात

काँटा डोर द्वारा अवतरण किए जाने वाले ग्रूपरों का निर्यात बाज़ार में खूब माँग है। टूटिकोरिन एवं चारों ओर स्थित 3-5 समुद्री खाद्य निर्यात फर्म वर्ष 2000 से लेकर चीन और होंगकोंग को *एपिनेफेलस टॉविना* और *ई. मालबारिकस* का निर्यात करते आ रहे हैं।

मछली को पकडने के तुरंत बाद वायु आशय को संभावित क्षति रोकने के लिए इसके मुँह को नाइलॉन रस्सी से कसकर बांध दिया जाता है (चित्र 1)। कुल पकड को पॉलिथीन शीट से ओढने के बाद इसके ऊपर बर्फ के टुकडे बिछाकर परिरक्षित किया जाता है। इस स्थिति में पकड को तट पर नीलाम करने के लिए लाती है। अवतरण केंद्र में खरीदी के बाद मछलियों को आवृत वान में वैज्ञानिक व्यवहार रीतियों के अनुसार पैकिंग शेड़ में परिवहित किया जाता है। 2 कि ग्रा से अधिक भार की मछलियों की ज्यादा माँग होती है और आकार एवं माँग के आधार पर प्रति कि ग्रा 150/- से 300/- रु. तक की मूल्य पर खरीद दिये जाते है।

चित्र 1 ग्रूपर पकड का एक दृश्य, मुँह नाइलॉन रस्सी से बांधा गया है

इन ग्रूपर मछलियों को एक एक करके तोलकर विभिन्न आकार के थेर्मोकोल पेटियों में पैक किया जाता हैं। प्रति पेटी में लगभग 40 कि ग्रा मछलियाँ होती है। पेटी में सबसे पहले बर्फ के टुकडे डालते है और इसके ऊपर पॉलिथीन शीट फैलाते है। इसके बाद ग्रूपर मछलियों को रखकर उसी शीट से ओढा जाता और इसके ऊपर बर्फ के टुकडे बिसारते है ताकि मछली पर बर्फ का सीधी संपर्क नहीं हो जाए। इसके बाद पेटी को बंद कर देता है। सेल्लोफेन टेप से थेर्मोकूल पेटी पूरी की पूरी तरह सील कर दिया जाता है। इसके बाद इन पेटियों को कन्याकुमारी को और वहाँ से चीन और होंगकोंग को निर्यात किया जाता है। नवंबर और मार्च के बीच श्रृंगकाल के साथ पूरे वर्ष में इस प्रकार का निर्यात कार्य होता रहता है।

सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केंद्र, टूटिकोरिन के जी. अरुमुखम और टी.एस. बालसुब्रमण्यन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1206 कोवलम मछली अवतरण केंद्र में *राइनोडॉन टाइपस* का अवतरण

सुरमई मछलियों के लिए बिछाए गए बहु तंतुक पोलिप्रोपिलीन जाल में 2005 जुलाई 18 को फंस गयी 21.1 फीट लंबाई की मृत मादा तिमि सुरा को सबेरे कोवलम तट पर लायी गयी।

सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई के वी. तनपति, एम. रवीन्द्रन, वी.ए. लेस्ली, एस. गणेशन, डी. पाक्किरी, ए. जानकीराम और एम. अन्पु द्वारा की गयी रिपोर्ट

1207 कोल्लम में एक तिमि सुरा *राइनोडॉन टाइपस* का अवतरण

कोल्लम में 12-9-'06 को 46 मी की गहराई में प्रचालित एक आनाय जाल में फंस गए तिमि सुरा को शाक्तिकुलंगरा मत्स्यन पोताश्रय में लाया गया। 445 से मी कुल लंबाई के इस नर तिमि का भार लगभग 2 टन था। इस तिमि सुरा को 1000/- रु पर बेच दिया गया।

सी एम एफ आर आइ के कोल्लम क्षेत्र केंद्र, कोल्लम के सिजो पॉल द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1208 पुलिकाट तट पर सजीव जठरपाद *बाबिलोनिया स्पिराटा* का असाधारण अवतरण

पुलिकाट तट पर 2006 फरवरी-मार्च के दौरान *बाबिलोनिया स्पिराटा* की एक असाधारण सी मात्स्यिकी देखी गयी। इस अवधि में पुलिकाट में लगभग 78.5 टन जठरपाद अवतरण हुआ था। बाहरी इंजन लगाए गए एवं

नावावलै के प्रचालन करने वाली नावों द्वारा मत्स्यन चलाया गया था। पकड को प्रति कि ग्रा 55/- रु. की दर पर बेच दिया गया।

इस तरह भारी मात्रा में इन जठरपादों के संग्रहण से मात्स्यिकी में संभावित गिरावट की दृष्टि में पंचायत ने इस मात्स्यिकी पर एक रोध लगा दिया।

सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई के.आर. तंगवेलु, और पी. पूवण्णन द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1209 चेन्नई तट में टलांग क्यूनफिश *स्कोम्बेरोइड्स कर्मेसोन्नियानस* का असाधारण भारी अवतरण

काशिमेडु मत्स्यन पोताश्रय में 2005 जनवरी से 2005 दिसंबर तक की अवधि में काँटा डोर, यंत्रीकृत गिलजाल, आनाय जाल एवं पन्नुवलै (गिल जाल), कोलवलै (ड्रिफ्टजाल) और पच्चवलै (कास्टजाल) जैसे देशी संभारों में लगभग 61.5 टन *एस. कर्मेसोन्नियानस* का अवतरण हुआ था (सारणी-1)।

सारणी-1 चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में वर्ष 2005 दौरान विभिन्न संभारों में *एस. कर्मेसोन्नियानस* की पकड

संभार	पकड (ट)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	प्रयास (एकक)
काँटा डोर	14.1	3.5	4038
यंत्रीकृत गिलजाल	27.4	18.3	1494
आनायजाल	14.6	0.7	20087
अन्य एकक	5.4	1.5	3640
कुल	**61.5**		

चिन्ननीलनकरै, चिन्नान्डिकुप्पम, नयनारकुप्पम, पनयूर और कोवलम अवतरण केन्द्रों में प्रचालित काँटा डोरों द्वारा *एस. कर्मेसोन्नियानस* का अवतरण किया गया था। 2005 अक्तूबर की पकड में सुरमई और करैंजिडों को पीछे छोडकर *एस. कर्मेसोन्नियानस* प्रमुख थी। प्रति नाव पकड 50 से 200 कि ग्रा के रैंच में थी (सारणी-2)

सारणी-2 विभिन्न अवतरण केंद्रों में काँटा डोरों द्वारा 2005 अक्तूबर के दौरान अवतरण की गयी *एस. कर्मेसोन्नियानस* की आकलित पकड

केंद्र	पकड (ट)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	प्रयास (एकक)	कुल पकड में %
काशिमेडु	3.6	11.9	303	25.9
चिन्ननीलनकरै	0.4	8.9	90	27.8
चिन्नान्डिकुप्पम	0.5	7.1	70	30.6
नयनारकुप्पम	0.7	4.1	171	16.4
पनयूर	1.8	14.4	125	36.2
कोवलम	6.0	18.6	323	79.2
कुल	**13.0**			

कोवलम अवतरण केंद्र में 6 दिनों में *एस. कर्मेसोन्नियानस* का भारी अवतरण देखा गया - 6.0 टन में 3.8 टन (सारणी - 3)।

सारणी-3 कोवलम अवतरण केंद्र में *एस. कर्मेसोन्नियानस* का अवतरण

तारीख	पकड (कि ग्रा)	प प्र ए प्र (कि ग्रा)	कुल पकड में %
15.10.2005	500	33.3	
16.10.2005	660	33.0	
17.10.2005	580	29.0	75-90%
18.10.2005	1200	75.0	
19.10.2005	500	25.0	
20.10.2005	360	30.0	
कुल	**3800**	**37.6**	

कोवल में कटामरीनों से प्रचालित काँटा डोरों का अधिकतर प्रयोग होता था। *एस. कर्मेसोन्नियानस* का आकार 88 से मी के माध्य आकार के साथ 75-110 से मी था। 4.0 कि ग्रा के औसत भार के साथ भार का रैंच 2.6 से 10 कि ग्रा था।

चित्र 1 *एस. कर्मेसोन्नियानस*

इस अवधि में कोवलम अवतरण केंद्र में इस जाति के लिए 1.52 लाख रु. का मूल्य प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त सुरमई और करैंजिड जैसी अन्य मछलियों से लगभग 30,600/- रु भी छह दिनों में इनको प्राप्त हुआ था।

सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई के एस. राजपाकियम, एस. मोहन, के. मुनियान्डि और ए. देवेन्द्र गांधी द्वारा तैयार किया गया लेख।

1210 भारत में मान्नार की खाडी से ग्रूपर *एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलस* - प्रथम रिकार्ड

कीलाकरै में 19-9-2006 को एक प्रवालसंगी ग्रूपर



चित्र 1 *एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलस*

एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलस का अवतरण हुआ। मान्नार की खाडी में आप्पा द्वीप के निकट 8 मी की गहराई में स्थापित एक फंदा में यह पकडा गया था। सेरानिडे कुल में आनेवाली इस जाति को नील और पीत ग्रूपर कहता है और तमिल में इसका नाम है मंजल कलवा। प्रौढ नमूनों के पंखें पूर्णतः पीत होते है जबकि किशोरों में ये अधा पीत और आधा नील होते हैं।

इस नमूने के शारीरिक मापन नीचे दिए जाते है।

कुल लंबाई	:	39 से मी
पृष्ठ कंटकों की संख्या	:	11
पृष्ठ नरम अरों की संख्या	:	17
गुद कंटकों की संख्या	:	3
गुद नरम अरों की संख्या	:	8
कुल भार	:	1.27 कि ग्रा

भारतीय महासमुद्र में डिबाउटी दक्षिण से दक्षिण आफ्रिका ($34^{o}S$) में अलगोवा खाडी तक और पूर्वी दिशा में आन्डमान समुद्र और सुमाट्रा के उत्तराग्र में साबांग द्वीप और मोसाम्बिक, ज़ानज़ीबार, केनिया, रीयूनियन, मोरीशिलस, सेन्ट. ब्रान्डोन्स शोल्स, सेयचेलीस, लक्षद्वीप द्वीप समूहों में भी वितरित है। अधोजल में चलाए गए दृश्य निरीक्षणों के ज़रिए भारत के पश्चिम तट में भी इस जाति की उपस्थिति रिकार्ड की जाती है। फिर भी लाल समुद्र या पेर्सियन खाडी में इसकी उपस्थिति पर जानकारी नहीं है।

ऐसी रिपोर्ट की जाती है कि इसके किशोर उथले प्रवालों में रहते है जबकि बडी मछलियाँ गहरे क्षेत्र के प्रवालों में रहनेवाली हैं। 10-150 मी की गहराई इस जाति के लिए अनुकूल पर्यावरण देखा गया है। ग्रूपर *एपिनफेल्स फ्लावोसीरुलस* 90 से मी लंबाई तक बढती है और 15 कि ग्रा तक का भार प्राप्त करती है। यह कई प्रकार की मछलियाँ, कर्कट, चिंगट, शूली महाचिंगट, स्क्विड्स और छोटे अष्टभुजों को खाती है।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प के मोली वर्गीस, सी. काशिनाथन और एम. सीनी द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट।

1211 चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में देशी संभारों द्वारा *पालिनस्टस वागेनसिस* का असाधारण अवतरण

'जपानीस ब्लनतोन लोब्स्टर' और तमिल में 'अल्कडल शिवप्पु सिगेंरा' नाम से जाननेवाला *पलिनस्टस वागेनसिस* 100-200 मी गहराई में देखे जाने वाले महाचिंगट हैं जिनको गभीर सागर आनायों में पकडा जाता है। लेकिन 15-9-2006 को 45-50 मि मी जालाक्षि आयाम के एक तलीय गिल जाल 'नाक्कु वलै' में तीन *पी. वागेनसिस* मादा प्राप्त हुई थीं। इस संभार का प्रचालन कर्कट और मछलियों के लिए 5-10 मी गहराई में किया जाता है। पकड में प्राप्त महाचिंगटों की पृष्ठवर्म लंबाई 48-70 मि मी थी। ये लालभूरा रंग की थीं और पृष्ठवर्म का अग्र मार्जिन पर लाल पट्टियाँ देखी गयी थीं। उदर का पृष्ठ भाग श्वेत चित्तियों के साथ देखा गया था। प्रथम श्रृंगिका और



पालिनस्टस वागेनसिस

पादों पर श्वेत पट्टियाँ थीं।

भारतीय समुद्रों से देशी संभारों में *पी. वागेनसिस* की उपलब्धि पर यह प्रथम रिपोर्ट है। *पी. वागेनसिस* इन्डो-वेस्ट पसफिक क्षेत्र, होंषु द्वीप, जापान, तायलैन्ड, दक्षिण-पश्चिम भारत और आन्डमान्स में देखे जानेवाला महाचिंगट है। ये खाने योग्य होने के साथ साथ अलंकारी मूल्य के भी हैं। जापान में विरल रूप में प्राप्त इन महाचिंगटों को जलशालाओं को बेच देते है।

सी एम एफ आर आइ के मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई के एस. लक्ष्मी पिल्लै और पी. तिरुमिलु द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट

1212 सी एम एफ आर आइ विशेष प्रकाशन सं. 89

भारत में समुद्री मछली अवतरण का आकलन और प्रवणता-1985-2004

संकलन किए लेखक

एम. श्रीनाथ
सोमी कुरियाकोस
पी.एल. अम्मिणी
सी.जे. प्रसाद
के. रमणी
एम.आर. बीना

संपर्क : निदेशक,
केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
पी.बी. सं. 1603, एरणाकुलम नोर्त डाक
कोचीन - 682 018, भारत
ई-मेल : cmfrilib@md4.vsnl.net.in

मूल्य : 10,000/- रु (केवल दस हज़ार रुपए)
विदेश : US$ 1000/- (केवल $ एक हज़ार)
आइ एस एस एन 0972 - 2351
प्रकाशित करने का वर्ष - 2007
पृष्ठों की संख्या - 160

यह सब को मालूम है कि एक व्यवस्थित मात्स्यिकी प्रबन्धन शासन पद्धति के लिए वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित एक विश्वसनीय और लक्ष्य निर्धारित सूचना होना अनिवार्य है। यह गर्व की बात है कि सी एम एफ आर आइ के पास ऐसी एक प्रणाली उपलब्ध है, जो दुनिया में अब तक उपलब्ध उत्कृष्ट तरीकाओं में स्थान पायी गयी है जो 1950 के सालों तक अस्पष्ट रही संपदा मोनिटरिंग प्रणाली को परिवर्तन शील समुद्री मात्स्यिकी परिदृश्यों के अनुसार निरन्तर परिष्कृत करती आ रही है। इस संपदा मोनिटरिंग प्रणाली की सफलताओं में एक है अनन्य आर्थिक मेखला के विदोहित तटीय मात्स्यिकी संपदाओं के संपदावार और संभारवार अवतरणों का, इसके लिए लगाए गए मत्स्यन प्रयासों के साथ आकलन। यह सूचना सार्थक संपदा निर्धारण के जरिए विवेकी संग्रहण रणनीतियाँ विकसित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण है। सी एम एफ आर आइ इसके विभिन्न प्रकाशनों द्वारा समय समय पर इस सूचना का विकीर्णन करती आ रही है। यह विशेष प्रकाशन 1985 से 2004 तक के वर्षों के अवतरणों के अनुमान के साथ प्रमुख रूप से देश के विभिन्न क्षेत्रों से विदोहित संपदाओं की उत्पादन प्रवणता भी प्रदान करता है। इस विशेष प्रकाशन में एक आमुख, आंकडा संग्रहण की रीति, और प्रत्येक क्षेत्र की उत्पादन प्रवणता के विवरण

के बाद तटवर्ती राज्यों, यानी पाश्चिम बंगाल, उडीसा, आन्ध्रा प्रदेश, तमिलनाडु, पोंडिचेरी के संघ शासित क्षेत्र, केरल, कर्नाटक, गोआ, महाराष्ट्र और गुजरात सहित पूरे भारत में 1985-2004 की अवधि में समुद्री मछली अवतरणों पर किए गए संपदावार आकलन प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक राज्य में 1985-2004 तक की बीस वर्ष की अवधि में हुए वार्षिक संपदावार अवतरणों का ब्योरा प्रत्येक तिमाही के अवतरणों के साथ उपलब्ध किया गया है। प्रकाशन के अंत में भारत की समुद्री मात्स्यिकी की स्थिति व्यक्त करने वाले प्रकाशनों के साथ वर्ष 1985 के पहले उपलब्ध डाटाओं पर प्रकाश डालनेवाले कुछ पठन सामग्रियाँ भी उपलब्ध किया गया है।

1213 पुस्तक समीक्षा

शीर्षक	: ट्यूना पर ग्रंथ-सूची
ग्रंथकार	: एन. जी. के. पिल्लै और ज्योती वी. मल्लय्या
प्रकाशक	: सी एम एफ आर आइ, कोचीन
आइ एस एस एन	: 0972-2351
प्रकाशित करने का वर्ष	: 2007
पृष्ठों की संख्या	: 320
जिल्दसाजी	: श्रेष्ठ जिल्द

उत्कृष्ट खाद्य मूल्य की ट्यूना तटीय मछुआरों एवं सुदूर क्षेत्रों में मत्स्यन चलाने वाले राष्ट्रों की लक्षित मछलियाँ हैं। तटीय और सागरीय जलक्षेत्रों में ट्यूना की विभिन्न जातियाँ उपलब्ध हैं जिनको विभिन्न प्रकार के मत्स्यन यानों और संभारों द्वारा पकडा जाता हैं। वर्ष 2005 में विश्व का ट्यूना अवतरण 4.3 मिलियन टन तक पहुँच गया था। अन्तरराष्ट्रीय समुद्रीखाद्य व्यापार में 15% योगदान के साथ ट्यूना दूसरा महत्वपूर्ण उत्पाद है। वाणिज्यिक पकड में वज़न की दृष्टि में 5% से कम होने पर भी, डोलर मूल्य (US $ 5.3 बिलियन) की दृष्टि से इनका योगदान बहुत ऊँचा है। अनन्य आर्थिक मेखला विनियमों

और अन्य अंतरराष्ट्रीय सभाओं में विकास, उपयोग और प्रबन्धन की पहलुओं पर ट्यूना मत्स्यन और मात्स्यिकी प्रमुख विषय बन गए हैं। इनफोफिश की 20 वीं वार्षिक शासी निकाय बैठक के प्रमुख विषयों में ट्यूना मत्स्यन भी शामिल किया गया था। आनेवाले वर्षों में भारतीय समुद्री मात्स्यिकी उद्योग में ट्यूना को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हो जाएगा।

ट्यूना और ट्यूना मात्स्यिकी में देश-विदेश में हुए अनुसंधान और विकास कार्यकलापों ने इसके साहित्य की तेज़ बढती के लिए काफी मदद की है। कई वर्षों से इस विषय पर अभिलेखित साहित्य विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं, कार्यवृत्तों, विवरणिकाओं, विशेष प्रकाशनों और स्नातकोत्तर और डाक्टरीय थीसिसों में बिखरे पडे हुए है। एक शोधकर्ता के लिए इन प्रकाशनों से सूचनाएं प्राप्त करना बहुत ही कठिन कार्य है।

केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान विभिन्न विषयों की ग्रंथ सूची बनाने में अतीव ध्यान देती आ रही है। संस्थान ने अभी तक पखमछलियों और कवच मछलियों के विभिन्न पहलुओं पर इस प्रकार की एक दर्जन से भी अधिक ग्रंथ सूचियों का प्रकाशन किया है। वर्तमान उद्यम ट्यूना ग्रंथ-सूची में मात्स्यिकी, जैविकी, प्रभव निर्धारण, टैगिंग और प्रवासी अध्ययन, संग्रहण और संग्रहणोत्तर प्रौद्योगिकियाँ, व्यापार, सुरक्षा और प्रबन्धन पर संदर्भ सूची भी जोड दी गयी है। ग्रंथकारों ने विभिन्न देशों द्वारा प्रकाशित 234 तकनीकी पत्रिकाओं में बिखरे हुए सभी संगत साहित्य को इस में शामिल करने के लिए भरसक प्रयास किया है।

डॉ. एन. जी. के. पिल्लै, अध्यक्ष, वेलापवर्ती मात्स्यिकी प्रभाग और डॉ. ज्योती वी. मल्लय्या, अनुसंधान अध्येता द्वारा संकलित एवं संपादित इस ग्रंथ सूची में इस वाणिज्यिक प्रमुख वर्ग से संबंधित सभी उपलब्ध प्रकाशनों को वेब साइट सहित शामिल किया गया है, ताकि इस क्षेत्र में कार्यरत शोधकर्ताओं द्वारा लाभ उठा जा सके। आठ अलग भागों में 2000 से भी अधिक शीर्षकों को इस ग्रंथसूची में संसूचित किया गया है। अनायास उपयोग के लिए विषय सूची और ग्रंथकार सूची भी जोड दी गयी है। आमुख अध्याय भारतीय समुद्रों से ट्यूना के क्षेत्र पहचान पर प्रकाश डालता है। इसके बाद विश्व एवं भारतीय ट्यूना मात्स्यिकी की प्रवणताओं पर एक संक्षिप्त विवरण, प्रमुख जातियों की स्थिति, ट्यूना पालन/मुटायन, ट्यूना प्रजनन एवं लाभ और मत्स्यन रीतियों पर भी सूचनाएं प्रदान करती है। इस पुस्तक में प्रस्तुत ग्रंथसूची में सीधा कूदने के पहले पाढक को इस संपदा पर एक अवलोकन इस आमुख द्वारा प्राप्त हो जाएगा। यह ग्रंथसूची भूविज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा निधिबद्ध परियोजना "भारतीय अनन्य मेखला की ट्यूना संपदा - बढती और प्रवासी प्रतिमानों पर एक निर्धारण" का परिणाम है। संबंधित साहित्य पर तेज़ पहुँच प्रदान करनेवाला यह प्रकाशन आनेवाले शोधकर्ताओं के लिए बहुत ही उपयोगी आधार होगा।

समीक्षा : एन. वेणुगोपाल, सी एम एफ आर आइ, कोचीन